साप्ताहिक
# आवाज भंडारा

मुख्य संपादक : शमेशर खान

कार्यकारी संपादक : शुभम देशमुख

● वर्ष -३ ●अंक - २७ ● बुधवार दि.२४ अप्रेल २०२४ ● RNI No.-MAHBIL/2021/80357 ● पृष्ठ -४ मुल्य -२ रू. ● Gmail-awazbhandara@gmail.com

# चोर आये, चोरी किए और निकल गए

## भंडारा शहर के राजीव गांधी चौक की घटना : 7 से 8 दुकानों के शटर तोड़ की चोरी

## भंडारा पुलिस जल्द चोरों को करेगी जेलबंद : भंडारा पुलिस अधीक्षक ने दिलाया भरोसा

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** शहर में अज्ञात चोरों ने रात को भंडारा और जवाहरनगर की सात से आठ दुकानों में चोरी हुई। जिसमें मेडिकल स्टोर, कपड़ा दुकान, पतंजलि दुकान, ज्वैलर्स, बीकानेर स्वीट्स इत्यादि दुकानों का समावेश है. इन दुकानों में रात में दुकान का शटर तोड़कर 7 से 8 चोरों ने चोरी की !

जैसे ही इसकी जानकारी भंडारा पुलिस विभाग को मिली पुलिस विभाग ने सभी दुकानों का जायजा किया और मौके पर अप्पर पुलिस अधीक्षक ईश्वर कातकड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी डॉ अशोक बागुल स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक नितिनकुमार चिंचोलकर भंडारा थानेदार सुभाष बारसे ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा किया और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने के आदेश दिए ।

भंडारा शहर में चोरी की वारदात होने के बाद भंडारा वासियोंको पुलिस पर भरोसा है जो इन चोरों को जल्द से जल्द पड़कर जिनके दुकानों में चोरी हुई उनको न्याय दिलाएगी । पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी के मार्गदर्शन में चोरों को पकड़ने कुछ टीम बनाकर चोरों की तलाश में जुट गई है,भंडारा पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी ने बताया कि जल्द से जल्द चोर पुलिस हिरासत में होंगे..।







### चोरी की वारदात हुई सीसीटीवी कैमरे में कैद..

भंडारा के मेडिकल में कल रात चोरों की चोरी करने की सारी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई. चोरों ने दुकान के शटर को उठाकर नीचे से अंदर घुसकर मेडिकल में चोरी की यह पूरा मामला 2 मिनट 43 सेकंड के इस वीडियो में कैद हुआ. जो सीसीटीवी में कैद वीडियो में दिखाई दे रहा है। जिसमें एक वीडियो बाहर की सीसीटीवी का है जिसामें दिखाई दे रहा है कि किस तरह चोरों ने शटर तोड़कर मेडिकल दुकान के अंदर घुस गए और अंदर के सीसीटीवी में मेडिकल की चिल्लर बटोर कर फरार हुए यदि आप इन चोरों में से किसी को जानते हो तो नजदीकी पुलिस स्टेशन में उनकी जानकारी दें या फिर आवाज भंडारा के हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

### चोर जल्द होंगे पुलिस हिरासत में...



चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है,उस आधार पर आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम रवाना हो गई है,जल्द ही सभी आरोपियों को हिरासत में लिया जायेगा,और चोरी का माल रिकवर किया जाएगा।

- लोहित मतानी,
पुलिस अधीक्षक भंडारा

# ट्रेन की चपेट में आने से बाल-बाल बचे अनेक लोग

## तुमसर रेलवे स्टेशन की घटना, अचानक अनाउंस से मची हड़बड़ी, स्टेशन मास्टर की गलती

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** तुमसर रोड जंक्शन पर उस समय हड़बड़ी मच गई, जब अचानक प्लेटफार्म बदलने का अनाउंस किया गया. इसके बाद आननफानन में बालाघाट, तिरोड़ी, कटंगी की ओर जाने वाले यात्री प्लेटफार्म बदलने के लिए उतावले हो गए और रेलवे लाइन पर दौड़ने लगे. इसी दौरान रेलवे लाइन पर ट्रेन आ गई. जिससे उक्त यात्रियों पर जान जाने का खतरा मंडराने लगा. इस समय रेलवे सुरक्षा बल के जवान यात्रियों की मदद के लिए दौड़ पड़े. उनकी मदद से यात्रियों को मौत के मुह से बाहर निकाला जा सका है.

बताया जाता है कि 50 से 60 लोग बाल-बाल बचे है. वे प्लेटफॉर्म नंबर 1 से 2 पर जाने लगे तो ट्रेन आ गई थी. इतवारी से बालाघाट की ओर जाने वाली मेमू लोकल के लिए प्लेटफार्म नंबर 1 निर्धारित किया गया है. 22 अप्रैल को यात्री निर्धारित प्लेटफार्म पर इस ट्रेन का इंतजार कर रहे थे.

लेकिन दोपहर 1:17 बजे अनाउंस किया गया कि बालाघाट मेमू ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 2 पर आ रही है. यह अनाउंस होते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया.

यात्री लाइन क्रॉस करके भागा दौड़ी करके 2 नंबर के प्लेटफार्म पर जाने की कोशिश करने लगे. इसी दौरान मेमो ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 2 पर तेज गति के साथ आ रही थी. उसी के पीछे प्लेटफार्म नंबर 1 पर तेज गति से मालगाड़ी आ रही थी. दोनों ट्रेन प्लेटफार्म पर आ रही थी, तब 50 से 60 यात्री इन प्लेटफार्म के रेल लाइन पर प्लेटफार्म बदलने के लिए दौड़ भाग कर रहे थे. इन 50 से 60 लोगों में कुछ महिलाएं, कुछ पुरुष तथा बच्चे भी थे.

# कांग्रेस-भाजपा दोनों जीत के प्रति आश्वस्त

## चुनाव के बाद शुरू हुए हार जीत के दांव

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**तुमसर :** लोकसभा चुनाव होने के बाद अब शहर की चाय पान टपरियों पर जीत-हार के कयास लगने शुरू हो गए हैं और इसके साथ ही प्रत्याशियों पर दांव भी लगने लगे हैं. राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी अपने समर्थकों से क्षेत्रवार मतदान व वोटों के आंकड़ों को जुटाने में लग गए हैं, तो कहीं धोखे व पाला बदलने की भी खबरें सामने आ रही हैं. होटल, पान दूकान, सार्वजनिक चौक-चौराहों, चाय की टपरियों में अब पार्टियों के कार्यकर्ता के साथ साथ चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले लोग भी अपने-अपने आंकड़े बताकर जीत का दावा-प्रतिदावा कर रहे हैं. जीत- हार के दावों के बीच अब कोई शर्त लगाने की भी चुनौती दे रहा है. एक ओर कांग्रेस के समर्थक जीत के आंकड़े गिना रहे हैं तो दूसरी ओर भाजपा के समर्थक केंद्र सरकार की योजनाओं के बल पर जीत के लिए आश्वस्त है. हालांकि मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच होने से दोनों ही पार्टियों के समर्थक अपनी-अपनी जीत का भी दावा करने लगे हैं.




सभी के जुबान में हार-जीत की समीक्षा मतदान के दूसरे दिन हालांकि सभी की जुबां पर चुनाव की चर्चा है. कौन जीतेगा, कौन हारेगा और कौन रहेगा दूसरे नंबर पर, किसका दबदबा रहेगा तथा जीत-हार में कितना अंतर होगा. शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव के बाद अब सभी के जुबान में हार- जीत की समीक्षा का दौर तेजी से शुरू हो गया है.

वहीं राजनीतिक पंडित भी अपना गुणा-भाग कर चुनावों के परिणाम निकालने लगे हैं और जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, इस पर भी हर घंटे लोगों के दावे बदलने लगे हैं. भंडारा लोकसभा क्षेत्र में कम मतदान होने से भाजपा पूरी तरह आश्वस्त दिखाई दे रही है, वही अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र एवं ग्रामीण परिसर में अधिक मतदान होने से कांग्रेस पूरी तरह से जीत के प्रति आश्वस्त दिखाई दे रही है, अभी दोनों प्रमुख दलों के साथ अन्य 16 प्रत्याशियों भाग्य एश्ट मशीन में बंद हो गए हैं अब किसका भाग्य चमकता है, यह 4 जून को ही पता चलेगा.

# सट्टा बाजार में सुनील मेंढे फेवरेट

## मतदान के बाद अब कौन सा प्रत्याशी जीतेगा

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र में मतदान होते ही सट्टेबाज सक्रिय हो गए हैं. भाजपा प्रत्याशी सुनील मेंढे इस समय सट्टा बाजार में फेवरेट के तौर पर उभरे हैं जिन्हें 55 पैसे का सबसे कम भाव मिल है वहीं कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. प्रशांत पडोले का भाव 1.35 रुपये चल रहा है.

माना जा रहा था की भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर होगी लेकिन



सटोरियों ने बहुत अधिक अंतर का भाव खोला है. मतदान के पहले यही सट्टा बाजार मेंढे को 55 पैसे और डॉ. पडोले को 1.20 रुपये का भाव दे रहा था. मतदान के बाद पडोले का भाव बढ़ जाने से मेंढे को बढ़त मिलने के संकेत हैं. हालांकि बड़े सट्टेबाजों ने अभी अपने भाव नहीं खोले हैं.

ग्रामीण क्षेत्र से पूरी जानकारी लिए बगैर बड़े बूकि भाव का खुलासा नहीं करेंगे. शुक्रवार को सम्पन्न मतदान के बाद अब कौन सा प्रत्याशी जीतेगा, कौन कितने वोटों से जीतेगा, किस विधानसभा क्षेत्र में किस प्रत्याशी को ज्यादा वोट मिलेंगे, एग्जिट पोल क्या है, इसको लेकर चर्चा गर्म है. शहरी और ग्रामीण इलाकों में प्रत्याशी के प्रति लोगों का रुझान देखते हुए सट्टा बाजार में संबंधित प्रत्याशी के 'भाव' तय होते हैं. सट्टा बाजार में जिस प्रत्याशी के जीतने की संभावना सबसे अधिक होती है उसका भाव सबसे कम होता है. वहीं हारने वाले प्रत्याशी को सट्टेबाजों द्वारा ऊंचा भाव दिया जाता है. आम तौर पर मतदान के आंकड़े उपलब्ध होते ही सटोरिये भाव खोले देते हैं !

# युवकों ने पुलिसकर्मी पर चाकू से किया हमला

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** दूल्हे के मंडप में आने के बाद डीजे बंद करने कहा गया. इसी बात पर चार लोगों ने पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला कर दिया. घटना 20 अप्रैल को बाजपेयी वार्ड स्थित क्षत्रिय मराठा समाज भवन में हुई. घटना में पुलिस कर्मी सुनील धनराज वंजारी घायल हो गए, जो रामनगर पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं. उनके रिश्तेदार की 20 अप्रैल को शादी थी, इसलिए वह शादी में शहर के बाजपेई वार्ड स्थित क्षत्रिय मराठा समाज भवन गए थे. रात करीब 10.20 बजे दूल्हे की बारात समाज भवन में पहुंची. इसलिए शांति बनाए रखने के लिए सुनील वंजारी ने डीजे बंद कराने कहा. जहां 4 युवकों ने सुनील वंजारी से यह कहते हुए मारपीट की कि हमें डांस करना है आपने डीजे क्यों बंद कर दिया और पिटाई कर दी. उसमें आरोपियों ने सुनील वंजारी के पेट, सिर और चेहरे पर तेज चाकू से वार किया.

# 44 दिन स्ट्रांग रूम में बंद रहेंगी EVM

## 76 अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे निगरानी में तैनात, 4 जून को होगी वोटों की गिनती

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** शुक्रवार को हुए लोकसभा चुनाव में 18 उम्मीदवार मैदान में हैं और 67 फीसदी मतदान हुआ है. मतदान के बाद 2,143 ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रूप से पलाड़ी स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया है. इसमें केंद्र पर 2,133 ईवीएम और 10 खराब होने के कारण बदली ईवीएम मशीनों का समावेश है. इस स्ट्रांग रूम की व्यवस्था के लिए त्रिस्तरीय संरचना है. जिसमें स्ट्रांग रूम के पहले स्तर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 29 जवान ड्यूटी पर रखे गए हैं. राज्य रिजर्व पुलिस बल के 25 अधिकारियों और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के 22 अधिकारियों को उचित रूप से सुरक्षित किया गया है.

आज चुनाव निरीक्षक विनय सिंह के साथ उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया. ईसीआई मानदंडों के अनुसार उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों के सामने चुनाव दस्तावेजों की जांच की गई. विभिन्न दलों के उम्मीदवार/प्रतिनिधि, चुनाव रिटर्निंग अधिकारी योगेश कुंभेजकर, गोंदिया के जिला चुनाव अधिकारी प्रजीत नायर, अपर जिलाधिकारी अधिकारी आशा पठान, दोनों जिलों के सहायक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी और उपविभागीय अधिकारी, उप जिला चुनाव अधिकारी भंडारा गोंदिया मुख्य रूप से उपस्थित थे.






सीलबंद ईवीएम व अन्य सामग्रियों का निरीक्षण शुक्रवार, 19 अप्रैल को लोकसभा के लिए 2,133 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीनें पलाडी स्थित स्ट्रांग रूम में जमा कर दी गई. देर रात तक ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया जारी थी. शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया आयोजित की गई. कुछ केंद्रों पर शाम छह बजे के बाद भी मतदान शुरू था. उपस्थित मतदाताओं को मतदान करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों को सील कर दिया गया. इन मशीनों को जीपीएस सिस्टम से लैस बसों और जीपों से पलाडी स्थित स्ट्रांग रूम में जमा कराया गया. सीलबंद ईवीएम व अन्य सामग्रियों का निरीक्षण किया गया. बारीकी से निरीक्षण किया गया कि दी गई मशीनें ही है या कोई बदलाव किया गया है. दिया गया नंबर है या कोई और, इसके बाद ईवीएम सहित अन्य आवश्यक सामग्री एकत्रित की गई. खराब हुई मशीनों को भी सील कर दिया गया. वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में रखने से पहले उसकी बैटरी हटा दी जाती है. ईवीएम मशीनों को बैटरी के साथ रखा जाता है. सभी मशीनें जमा होने के बाद स्ट्रांग रूम में ताला लगा दिया गया.

### नवनिर्मित स्ट्रांग रूम

अभी तक विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद ईवीएम रखने के लिए अलग से कोई स्ट्रांगरूम उपलब्ध नहीं था. इसलिए चुनाव के दौरान निर्वाचन विभाग को इस कार्य के लिए सरकारी भवन का अधिग्रहण करना पड़ता था. हाल के दिनों में सामाजिक न्याय भवन की इमारत को स्ट्रांग रूम के रूप में इस्तेमाल किया गया था. इस बीच, जिला प्रशासन ने ईवीएम और वीवीपैट रखने के लिए पलाडी में एक अलग भवन (स्ट्रॉन्गरूम) तैयार किया है. इसका प्रयोग इस लोकसभा चुनाव में पहली बार हो रहा है. भंडारा-गोंदिया में पहले चरण का मतदान पूरा हो चुका है और वोटों की गिनती 4 जून को होगी. इस दौरान करीब 44 दिनों तक पुलिस और जवानों को आंखों में तेल डालकर इन ईवीएम की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठानी होगी.

# पुलाच्या मेन्टनन्समुळे वाहनांची गती मंदावली

## वाहनधारकांसह प्रवाश्यांना नाहक त्रास

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** शहरातून गेलेला महामार्ग दिवसेंदिवस त्रासदायक ठरत आहे. या महामार्गावर कधीही वाहतूक खोळंबत असल्याने नाहक त्रास प्रवाश्यांना सहन करावा लागत आहे. अशाच प्रकार दि.३१ एप्रिल रोजी सकाळपासून पहावयास मिळत आहे. पुलाच्या मेन्टनन्स कामामुळे दिवसभर महामार्गावरील वाहनांची गती मंदावली होती. महामार्गाच्या दुतर्फा वाहनांच्या रांगाच-रांगा दिसून येत होत्या. तर वाहतुकीचा खोळंबा प्रवाश्यांना बसल्याने प्रवाशी पायदळ शहराकडे येतांना दिसून येत होत्या. तर काही वाहनधारकांनी पयार्यी मागार्चा वापर केला. फूलमोगरा ते शिंगोरी यादरम्यान बायपास महामागार्चे काम मागील दीड दोन वर्षांपासून सुरु आहे.

महामार्गाच्या बांधकामामुळे अनेकदा वाहतूक विस्कळीत होऊन वाहतूक खोळंबली आहे. यामुळे शहरातून गेलेला महामार्ग नागरिकांसाठी तसेच प्रवाश्यांसाठी डोकेदुखीचा ठरत आहे. याचा फटका नागरिकांसह विद्यार्थ्यांना तसेच



ये-जा करणाऱ्या कर्मचाऱ्यांना देखील बसत आहे. दि. २१ एप्रिल रोजी वैनगंगा नदीवरील मोठ्या पुलाच्या डागडुजीचे काम सकाळपासूनच सुरु अडकून राहिलेल्या वाहनधारकांनी अखेर पयार्यी मागार्चा वापर केला. तर दुचाकीस्वारांनी रस्त्याच्या बाजूने एक-एक वाहन ओलांडत प्रवास केला. तर मजुरांसह कामगार, कर्मचारी व अन्य नागरिकांनी मोठ्या पुलावरन जाण्याचे लहान पुलावरुन प्र केला.

नागरिकांसह प्रवासी वैतागले महामार्गावरील वाहतुकीचा खोळंबा ही नित्याचीच बाब ठरत आहे. वाहतूक सुरळीत राहावी याकरीता बायपास महामागार्चे काम सुरु आहे. बांधकामामुळे अनेकदा महामार्गावरील वाहतूक विस्कळीत होऊन तासनतास ट्राफिकजांब मध्ये फसून राहावे लागत आहे. मागील काही दिवसांपासून महामार्गावरील वाहतुकीमुळे सर्वसामान्य नागरिकांसह प्रवाशी वैतागले आहेत. वाहतुकीकडे पोलीस वाहतूक विभाग कानाडोळा करीत असल्याने तासनतास वाहनधारकांना वाहतूक सुरळीत होण्याची प्रतिक्षा करावी लागत आहे. वाहतुकीची समस्या वारंवार निर्माण होत असल्याने याचा फटका एसटी बसेस यांना सुद्धा बसत आहे. एसटीच्या फेऱ्या विलंबाने होत असल्याने एसटीचे वेळापत्रकही कोलमडत आहे. परिणामी एसटी प्रवाश्यांना महामार्गावरुन प्रवास करतांना नाहक त्रासाला सामोरे जावे लागत आहे. प्रवाश्यांकडून महामार्गावर वारंवार होत असलेल्या वाहतुकीच्या खोळंब्यामुळे वैतागल्याची भावना व्यक्त करीत आहे.

# मुलानेच लावली झोपडीला आग



**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**खमारी (बुटी) :** भंडारा तालुक्यातील सालेहेटी येथी दि. २० एप्रिल रोजी १० वाजता दरम्यान कुटूंबात उद्धवलेल्या भांडणातून रागाच्या भरात मुलाने शेती साहित्य ठेवण्याच्या गवताच्या झोपडीला आग लावून नुकसान केले.

सालेहेटी येथील शेषराव वाघमारे (२८) हा कारधा येथील एका ऑईल कंपनीत कामाला आहे. दि. २० एप्रिल रोजी सायंकाळी कामावरून घरी परत गेला तेव्हा वडील अनिल वाघमारे याचा त्याच्या आईशी भांडण सुरू होते. वडीलांनी पत्नीला मारपीट केल्यामुळे कामावरून घरी गेलेला मुलगा शेषराव याने वडीलाला याबाबत हटकले. तेव्हा बापलेकातकडाक्याचे भांडण झाले.

या भांडणात मुलगा शेषराव याचा राग अनावर होवून घरासमोर शेतीउपयोगी साहित्य ठेवण्यासाठी उभारलेल्या गवताच्या झोपडीला आग लावून पेटविले. यात झोपडी जळून राख झाली. वडीलाच्या तक्रारीवरून कारधा पोलिसात आरोपी मुलाविरूद्ध गुन्हा दाखल केला आहे. पुढील तपास पो. उपनि. सुदाम कांबळे करीत आहेत.

# अपना घर वृध्द आश्रम पवनी येथे भोजनदान

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**पवनी :** आश्रय चॅरिटेबल ट्रस्ट पवनी द्वारा संचालित अपना घर वृद्ध आश्रम गेल्या एक वषार्पासून सुरू आहे. संस्थेचे संस्थापक राजेश मेश्राम यांच्या संकल्पनेतून या आश्रमाची स्थापना करण्यात आली. आजच्या घडीला बरेच वृद्ध व्यक्ती आश्रमात वास्तव्य करीत आहेत. नुकताच अड्याळ येथील वाहने परिवारातर्फे बुद्धवासी हर्षल शामराव वाहने याच्या जन्मदिवसाचे औचित्य साधून शामराव वाहने यांनी सामाजिक बांधिलकी जपत वृद्ध आश्रम पवनी येथे भोजनदानाचा कार्यक्रम आयोजित केला.

शामराव वाहने यांचा मुलगा हर्षल हा नागपूर येथे अभियांत्रिकीचा शिक्षण घेत होता. अचानक ताप आल्याने त्याला उपचारासाठी रुग्णांलयात दाखल करण्यात आले. परंतु उपचारा दरम्यान त्याचा मृत्यू झाला. म्हणुन त्याच्या जन्म दिवसाचे औचित्य साधून भोजनदानाचा अपना



घर वृध्दाश्र कार्यक्रम कातुर्ली येथील वाहने परिवारातर्फे वृद्ध आश्रम पवनी येथे नुकताच आयोजित करण्यात आला.

यावेळी आश्रमातील बहुसंख्य वृद्ध व्यक्ती यांनी भोजनाचा लाभ घेऊन समाधान व्यक्त केले. यावेळी आश्रमाचे विश्वस्त शालु टेकाम, सुषमा मेश्राम, प्रमिला मानापुरे, निलिमा बिसने, शारदा पचारे, संगिता देऊळकर, ज्योती खापरीकर तथा वाहने परिवाराचे थोरले बंधू जनार्धन वाहने, देवराम वाहने, भिमराव वाहने, वंदना वाहने, निशांत वाहने, प्रणय वाहने, प्रज्वल वाहने, अश्विनी वाहने, मंदा वाहने, रुचिता वाहने, प्रदिप बौद्ध, दर्शना बौद्ध, विजया वाहने, शैवी वाहने, सावी बौद्ध, उषा वाहने, सुभेशिनी, श्रृती वाहने, भाग्यश्री वाहने, संदिप वाहने, प्रशिक बौद्ध, मुख्याध्यापक राकेश बिसने, राज्य पुरस्कार शिक्षक अशोक गिरी, मुरलीधर जिवतोडे, सरिता जिवतोडे, सरोज गिरी, सोहम गिरी यांची प्रामुख्याने उपस्थिती होती.

# दोन महिन्यांपासून शेकडो कुटुंब नळाच्या पाण्याविना

## हनुमान व आनंद नगरातील प्रकार

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** दोन महिन्यांपूर्वी तकिया वॉडार्तील चौकातील व्हॉल्व्ह बदलल्यामुळे दोन नगरातील तब्बल २०० कुटुंबीयांना दोन महिन्यांपासून नळाचे पाणी मिळणे बंद झाले आहे. त्यामुळे येथील नागरिकांची प्रचंड गैरसोय होत आहे. याकडे नगरपालिकेच्या पाणीपुरवठा विभागाचे दुर्लक्ष होत असल्याचे दिसून येते.

भंडारा शहराच्या पश्चिम उत्तर दिशेला वसलेल्या तकिया परिसरातील हनुमाननगर व आनंद नगरात दोन महिन्यांपासून नळाचे पाणी मिळणे बंद झाले आहे. माहितीनुसार, जवळपास



दोन महिन्यांपूर्वी तर त्या वॉर्डात पाणीपुरवठा करण्यात येणाऱ्या व्हॉल्व्ह बदलण्यात आले होते. यापूर्वी कपिल नगरात पाणी येत नव्हते. परिणामी येथील व्हॉल्व्ह बदलण्यात आले.

आता कपिल नगरात पाण्याचा पुरवठा होत असून हनुमाननगर व आनंद नगरात जवळपास २०० कुटुंबीयांना नळाचे पाणी मिळणे दुरापास्त झाले आहे.

हा प्रकार दोन महिन्यांपासून सुरू असतानाही पालिकेचे याकडे दुर्लक्ष होत आहे. पण, उन्हाळ्यात नळाला पाणी येत नसल्यामुळे येथील नागरिकांची चांगलीच कुचंबणा होत आहे. याकडे पालिका प्रशासनाने लक्ष देण्याची गरज आहे.

पाण्याला फोर्स नाही यासंदर्भात पाणीपुरवठा विभागाला सूचना देण्यात आली, मात्र येथील कर्मचाऱ्यांच्या मते जलवाहिनी मधून पाण्याला फोर्स नसल्याने हनुमाननगर आणि आनंद नगरातील रहिवाशांना पाणीपुरवठा होत नसल्याची तांत्रिक बाब समोर आली आहे. यावर कायमस्वरूपी तोडगा काढून तांत्रिक दोष दूर करण्यात यावा व या दोन्ही नगरात पाणीपुरवठा करावा, अशी मागणी नागरिकांनी केली आहे.

# ग्रीनफ्रेंड्स तर्फे 'चला पक्षी पहायला' उपक्रम जागतिक वसुंधरा दिन व लाखनी निसर्गमहोत्सवाचे औचित्य

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

लाखनी : ग्रीनफ्रेंड्स नेचर क्लब तर्फे मागील वीस वषार्पासून सातत्याने दरवर्षी पावसाळी (मान्सून), हिवाळी व उन्हाळी पक्षीनिरीक्षण व पक्षीगणना उपक्रम घेतले जात असून जागतिक वसुंधरा दिन व लाखनी निसर्गमहोत्सवाच्या निमित्ताने 'चला पक्षी पहायला' हा उपक्रम गुरुकुल आयटीआयच्या सहकायार्ने जानेवारी ते एप्रिल महिन्यात पाच वेळा राबविण्यात आला.

सदर उपक्रमास लाखनी नगरपंचायत स्वच्छता विभाग, नेफडो जिल्हा भंडारा, अ. भा. अंनिस तालुका शाखा



लाखनी जिल्हा शाखा भंडारा तसेच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भंडारा गोंदिया पर्यावरण विभाग या पर्यावरणप्रेमी संस्थाचे सुद्धा 'चला पक्षी पहायला' उपक्रमाअंतर्गत गुरूकुल आयटीआयचे निवडक २५ विद्यार्थ्यांना प्राचार्य खुशालचंद्र मेशराम यांचे मार्गदर्शनाखाली जानेवारी महिन्यात रेंगेपार कोहळी तलावावर, फेब्रुवारी महिन्यात सोनमाळा, रावनवाडी तलावावर, मार्च महिन्यात मानेगाव तलावावर तर एप्रिल महिन्यात सावरी व लाखनी तलावावर पक्षी व फुलपाखरे निरीक्षण उपक्रम घेण्यात आला. गुरुकुल आयटीआयचे

विद्यार्थ्यांनी सहभाग नोंदविला. यावेळी डॉ. मनोज आगलावे, डॉ. योगेश गिन्हेपुंजे, नितीश नागरीकर, लीना कळंबे, से.नि.प्रा. राजेश दोनाडकर, सुधीर जोशी, नाना वाघाये, मारोतराव कावळे, मंगल खांडेकर, ग्रीनफ्रेंड्सचे पदाधिकारी अशोक वैद्य, अशोक नंदेश्वर, निसर्गमित्र पंकज भिवगडे, सरीसृप संशोधक विवेक बावनकुळे, वाईल्ड लाइफ रेस्क्यूअर मयुर गायधने, सलाम बेग, धनंजय कापगते, नितीन निर्वाण आदींनी सहकार्य केले.

# पांढराबोडी-सितेपार रस्त्याचे डांबरीकरण करा

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**पांढराबोडी (काटी) :** मोहाडी तालुक्यातील पांढराबोडी- सितेपार या रस्त्यावरून शेतकरी, शेतमजूर तसेच वाटसरू, सायकलस्वार, दुचाकी चारचाकी वाहनांची आवागमन असते परंतु या रस्त्यावर जागोजागी खड्डे पडले असल्याने प्रवाशी वाहनधारक नागरिकांना कमालीचा त्रास सहन करावा लागत असून स्वातंत्र्याच्या अमृत महोत्सवी वर्षातही सदर रस्त्याचे डांबरीकरण झाले नाहीही अत्यंत गंभीर बाब असून विकासाच्या पोकळ गप्पा करणाऱ्यांचे तसेच सार्वजनिक बांधकाम विभागाचे रस्त्या सारख्या मूलभूत सुविधा उपलब्ध करण्याकडे दुर्लक्ष होत असल्याने शेतकरी, शेतमजूर, विद्यार्थी, नागरीकांना कमालीचा त्रास सहन करावा लागत असून पांढराबोडी- सितेपार रस्त्याचे डांबरीकरण न करण्याचे कारण काय?



असा प्रश्न नागरिकांनी उपस्थित केला आहे.

याप्रकरणी सार्वजनिक बांधकाम विभागाच्या सबंधित यंत्रणेने पांढराबोडी ते सितेपार रस्त्याची प्रत्यक्ष मोका पाहणी करून सदर रस्त्याचे ३० एप्रिल २०२४ पर्यंत डांबरीकरणाचे काम पूर्ण करून शेतकरी नागरिकांना तूर्त दिलासा देण्याची तसदी घ्यावी अशी मागणी पांढराबोडी, सितेपार येथील नागरिकांनी केली असून याकडे दुर्लक्ष केल्यास याविरोधात तीव्र जनआंदोलन करण्यात येईल व याबाबतची संपूर्ण जबाबदारी सार्वजनिक बांधकाम विभागाची राहील असा इशारा दिला आहे.

# सहसंचालक डॉ. आर. बी. पवार यांची जिल्हा सामान्य

## रुग्णालय व प्रा.आ.केंद्र मोहदुरा येथे भेट

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** भंडारा जिल्ह्यातील जिल्हा सामान्य रुग्णालय व प्रा.आ.केंद्र मोहदुरा येथे डॉ. आर.बी.पवार सहसंचालक (हि. ह व जलजन्य आजार) पुणे, डॉ.महेंद्र जगताप (राष्ट्रीय कीटकजन्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम) पुणे, डॉ श्याम निमगडे (सहाय्यक संचालक आ.सेवा हि.ह व जलजन्य आजार) नागपूर यांनी भेट देऊन आरोग्य विषयक कामकाजासह विविध अभियानाच्या अंलबजावणीचा आढावा घेतला.

यावेळी आयोजित बैठकीत त्यांनी उन्हाळ्यामध्ये तापमानात वाढ होण्याची शक्यता नाकारता येत नसल्याने उष्माघात बाबत दक्ष राहण्याच्या सूचना केल्या, एस पी एल फॉर्म बाबत आढावा घेऊन जिल्ह्याचे काम चांगले असल्यामुळे समाधान व्यक्त केले व त्यामध्ये सातत्य ठेवण्या बाबत सूचना केल्या. जलजन्य व कीटकजन्य आजाराबाबत आढावा घेऊन



दैनंदिन रक्त नमुने संकलन वाढवण्याबाबत सूचना केल्या.

जिल्हा सामान्य रुग्णालय येथे भेट देऊन तेथील उष्माघात कक्ष, डायलेसिस कक्ष, जनरल वॉर्ड यांची पाहणी करून रुग्णांना वेळेत उपचार मिळत असल्यामुळे समाधान व्यक्त केले.

तसेच प्रा.आ.केंद्र मोहदूर येथे भेट देऊन शीतसाखळी कक्ष, उष्माघात कक्ष वॉर्ड, लसीकरण कक्ष यांची पाहणी करून राष्ट्रीय कीटकजन्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम बाबत आढावा आढावा घेण्यात आला. माता बाल संगोपन कार्यक्रम, क्षयरोग, कृष्ठरोग, साथरोग या सर्व राष्ट्रीय कार्यक्रमाबाबत आढावा घेऊन मार्गदर्शन केले.

यावेळी डॉ. मिलिंद सोमकुंवर जिल्हा आरोग्य अधिकारी, डॉ. डी के सोयाम जिल्हा शल्य चिकित्सक, डॉ. सचिन चव्हाण अतिरिक्त जिल्हा आरोग्य अधिकारी, डॉ. महेंद्र धनविजय सहाय्यक जिल्हा आरोग्य अधिकारी, डॉ. कविता कवीश्वर जिल्हा हिवताप अधिकारी, डॉ. श्रीकांत अंबेकर जिल्हा साथरोग अधिकारी यांच्यासह अधिकारी कर्मचारी यांची उपस्थिती होते.

# भंडारा येथे जागतिक ग्रंथ दिवस




**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** सार्वजनिक वाचनालय भंडारा या संस्थेच्या वतीने जागतिक ग्रंथ दिवस निमित्त मंगळवार दिनांक २३.०४.२०२४ ला ग्रंथ प्रदर्शनीचे आयोजन करण्यात आले होते.

याप्रसंगी ग्रंथ प्रदर्शनीचे उद्धाटक माननीय श्री धनंजय दलाल अध्यक्ष सार्वजनिक वाचनालय भंडारा यांनी डॉ. एस. आर. रंगनाथन यांच्या फोटोला पुष्पहार अर्पण केले व दिप प्रज्वलन करून कार्यक्रमाची सुरुवात करण्यात आली. यावेळी उपस्थितांमध्ये सर्वश्री वाचनालयाचे सचिव डॉ. जयंत आठवले, सहकार्यवाह प्रदीप गादेवार, हर्षल मेश्राम, निळकंठ रणदिवे, डॉ. गुरुप्रसाद पाखमोडे, धनंजय ढगे, श्री. मुठमारे, सार्वजनिक वाचनालयाचे कार्यकारी मंडळ सदस्य, कर्मचारी व सभासद यांनी उपस्थित होते.

# जिल्ह्यात 15 महिन्यात 28 शेतकऱ्यांची आत्महत्या

## फक्त आठ कुटुंबाला मिळाली मदत संकटामुळे शेतकरी हवालदिल

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** सततची नापिकी व कर्जबाजारीपणाला कंटाळून गत १५ महिन्यांत भंडारा जिल्ह्यातील २८ शेतकऱ्यांनी मृत्यूला कवटाळले आहे. फेब्रुवारी व मार्च महिन्यात कुण्याही शेतकऱ्याची आत्महत्या झाली नसली तरी गत १३ महिन्यांतली ही आकडेवारी सर्वांसाठी धक्कादायक आहे.

भंडारा जिल्हा हा धान उत्पादक जिल्हा आहे. शेतकऱ्याची पूर्ण मदार ही खरीप पिकावर असते. त्यानंतर सिंचनासाठी पाणी मिळाले तर शेतकरी रब्बी पीक घेत असतो. तर काही शेतकरी भाजीपाला व बागायतदार शेतीकडे वळत असतात. परंतु, गत काही वर्षांपासून अस्मानी संकटांमुळे शेतकरी पुरता हवालदिल झाला आहे.



यामुळेच बळीराजा हा कर्जबाजारीपणाच्या खाईत लोटत जात आहे. अशा स्थितीत कुटुंब कसे चालवायचे, मुलांचे शिक्षण, लग्न कसे करायचे या विवंचनेतून अनेक शेतकऱ्यांनी मृत्यूला कवटाळले आहे. १५ महिन्यांची आकडेवारी पाहता जानेवारी २०२३ ते मार्च २०२४ पर्यंत एकूण २८ शेतकऱ्यांनी आत्महत्या केल्या आहेत. लोकसभा निवडणुकीची रणधुमाळी सुरू असली तरी बळीराजांच्या प्रश्नांकडे दुर्लक्ष होत असल्याचे दिसून येते. भंडारा जिल्ह्यात पावणे दोन लाख हेक्टर क्षेत्रात खरीप पिकांतर्गत धानाची लागवड करण्यात येत असते. खरीप व रब्बी हंगाम मिळून जवळपास ७५ लाख क्विंटल धानाचे उत्पादन होत असते.

परंतु, वेळेवर धान खरेदी केंद्र सुरू न होणे, ऑनलाइन पद्धतीत घोळ व अन्य कारणांमुळे धान खरेदी होत नाही. अशा स्थितीत अनेक शेतकरी पडत्या भावाने खाजगी व्यापाऱ्यांना धान विकतं असतात. परिणामी शासनामार्फत घोषित हमीभाव व बोनसचा लाभही मिळत नाही. धानाला प्रती क्विंटल तीन हजार रुपये हमी भाव ही मागणी आहे. मात्र, याकडे सर्वांचेच दुर्लक्ष होत असल्याचे जाणवते. परिणामी आर्थिक बोझाखाली दबलेला शेतकरी वर येत नाही. अशा स्थितीत तो मृत्यूला कवटाळतो. शेतीच्या कारणांमुळे या आत्महत्या होत असल्या तरी जिल्हा प्रशासनाच्या नोंदी मात्र शेतकरी आत्महत्या अपात्र ठरविली जाते. गत २३ वर्षांत ४०६ प्रकरणे अपात्र ठरली आहेत, ही आकडेवारी चिंताजनक आहे.

# गांधी विद्यालय पहेला येथे ग्रीष्मकालीन शिबीर

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** तालुक्यातील गांधी विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय पहेला येथे संस्थासचिव रामदास शहारे यांच्या अध्यक्षतेत व संस्था सहसचिव सुदाम खंडाईत यांच्या हस्ते ग्रीष्मकालिन कला व क्रीडा शिबीराचा उद्घाटन सोहळ संपन्न झाला. यावेळी प्रमुख अतिथीमध्ये पो. पा. चंद्रशेखर खराबे, शा. व्य. स. अध्यक्ष देवचंद हजारे, प्राचार्य वाय. एन. काटेखाये, प्रा. व्ही. एल. हटवार, प्रा. एस. व्ही. गोंडाणे, प्रा. एस. एस. भुरे, क्रीडाशिक्षक डी. बी. टेकाम, करूणा कावडे, पुष्पा काटेखाये प्रामुख्याने उपस्थित होते.

या कला क्रीडा शिबीरात रग्बी, बुद्धीबळ, योगा, टारगेट बॉल, डॉज बॉल, चित्रकला, झुंबा डान्स, मेहंदी कला, शिल्पकला आदिचे प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थीना देण्यात येणार आहे. हे प्रशिक्षण शिबीर २२ ते २७ एप्रिल पर्यंत होणार आहे. हे प्रशिक्षण सकाळी ६ ते ८ व सायं. ४.३० ते६.३० या वेळात दोन सत्रात होणार आहे. विद्यार्थांच्या अंगी उपजत असलेल्या सुप्त कलागुणांना विकसित करण्यासाठी आयोजीत या ग्रीष्मकालीन कला व क्रीडा शिबीराला प्रशिक्षक म्हणून क्रीडा शिक्षक डी. बी. टेकाम, डी. एन बावणे, एल. एच. कुंभलकर, पुष्पा काटेखाये, करूणा कावडे, सुरजकुंवर मडावी, शुभांगी खोब्रागडे, मिनल निर्वाण, सरीता बोधाने, भगवान उकरे, दिनेश पंचबुद्धे प्रामुख्याने प्रशिक्षण देणार आहे. या प्रशिक्षणात १५० प्रशिक्षणार्थी सहभागी झाले आहेत.

# चारचाकी वाहनाच्या धडकेत दुचाकीस्वार जखमी

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**



**दिघोरी/मोठी :** येथील सर्व सिद्धीदाता हनुमान मंदिर चौकात पालांदूरकडून येणाऱ्या चारचाकी वाहनाने दुचाकीस्वार युवकाला जोरदार धडक दिली. यात युवक गंभीर जखमी झाला असून भंडारा येथे उपचार सुरू आहे. तर चारचाकी वाहनाने सुद्धा पलटी मारल्याने त्यातील पाचही जण किरकोळ जखमी आहेत. सदर घटना रविवार दि. २१ एप्रिल रोजी दुपारी ३.३० वाजतादरम्यान घडली. चारचाकी वाहन क्र. केए ०५ एनए ६९५४ पालांदूरवरून दिघोरी (मोठी) मागार्ने असताना जात वाहनचालक प्रशिक्ष शामराव देशपांडे (२४) रा. कटंगी गोंदिया याचे वाहनावरील नियंत्रण सुटल्याने मंदिराकडून गावात येणाऱ्या अथर्व घनश्याम मिश्रा (२१) रा. दिघोरो (मोठी) या युवकाला जोरदार धडक दिली.

यात अथर्व घनश्याम मिश्रा यांच्या गाडीचा पूर्णतः चेंदामेदा झाला असून अथर्व गंभीर जखमी असून त्याच्यावर भंडारा येथील खाजगी रुग्णालयात उपचार सुरू आहे.

तर चारचाकी वाहनांमध्ये पाच लोकांना किरकोळ जखम झाली असून त्यांच्यावर साकोली येथे उपचार सुरू आहेत. चारचाकी वाहनाने सुद्धा पलटी मारली असून या वाहनाचे सुद्धा मोठे नुकसान झाले आहे. वृत्त लिहीपर्यंत गुन्हा दाखल होण्यास होता. पुढील तपास ठाणेदार अमरदास धंदर यांचे मार्गदर्शनात अनिल नंदेश्वर हे करीत आहेत.

सदर अपघातग्रस्त स्थळ अगदी सर्व सिद्धी दाता हनुमान मंदिरासमोर चौरस्ता असल्यामुळे या ठिकाणी तात्काळ संबंधित विभागाने चारही बाजूला गतिरोधक तयार करावे, असे मागणी दिघोरी (मोठी) ग्रामवासियांनी केलेली आहे.

# ग्रामपंचायतीचा दुर्लक्षित कारभार चव्हाट्यावर

## सरांडी येथे भर उन्हाळ्यात कृत्रिम पाणीटंचाई

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**लाखांदूर :** तालुक्यातील सरांडी येथील ग्रामपंचायतीच्या दुर्लक्षित कारभारामुळे गावात कृत्रिम पाणीटंचाई निर्माण झालेली आहे. पिण्याच्या पाण्यासाठी नागरिकांची भटकंती होत आहे.

सरांडी बुज हे लाखांदूर तालुक्यातील अंदाजे ८०० ते ८५० कुटुंबसंख्या असलेले मोठे गाव आहे. गावामध्ये दोन पाण्याचा टाक्या असून दोन्ही काही तासांतच भरतात, तसेच बोअरवेललाही मुबलक पाणी आहे. मात्र, ग्रामपंचायतीच्या दुर्लक्षित कारभारामुळे येथे पाणीटंचाई निर्माण झाली आहे. काही महिन्यांपूर्वी ग्रामपंचायतीने विद्युत बिल न भरल्याने वीजपुरवठा खंडित झाला असता, चार ते पाच दिवस पाणीपुरवठा बंद होता. आठ दिवसांपासून एका पाण्याच्या टाकीतून पाणीपुरवठा अनियमित होत आहे. परिणामी, त्या भागातील ग्रामस्थांना पाण्यासाठी करावी लागत आहे. सोडविण्याची अपेक्षा आहे.



**गांधी सागर योजनेतच राहिला, अन् भूजली तलावाचे झाले सौंदर्गीकरण अमृत २.० मध्ये समावेश : जीवजंतू व पर्यावरणाला धोका** तुमसर शहरात नगरपरिषदेच्या मालकीचा एकमेव असलेला गांधीसागर तलाव हा देखणा असून विस्तीर्ण आहे. मागील दहा वर्षांपासून या तलावाचे सौंदर्गीकरण करणे सुरू आहे; परंतु अजूनपर्यंत त्याचे सौंदर्याकरण झालेले नाही. या तलावाचा समावेश अमृत २.० योजनेत करण्यात आला आहे; परंतु त्यास अजूनपर्यंत केंद्र सरकारने मंजुरी दिली नाही तर दुसरीकडे रजा नगर परिसरात जुन्या शहर परिसरात जाणाऱ्या मार्गावर जिल्हा परिषदेच्या भूजली तलावाचे सौंदर्गीकरण करण्यात येत आहे.

महात्मा गांधींच्या नावावर तुमसर शहराच्या पश्चिमेला गांधी सागर तलाव आहे. तलावात जलपर्णीसह मोठ्या प्रमाणात गवत उगवले आहे. प्लास्टिक कचरा येथे जमा झालेला आहे. या तलावात मासेही मोठ्या प्रमाणात आहेत. तलावातील जलचर जीवजंतूंच्या जीवाला धोका निर्माण होऊन पर्यावरणही धोक्यात आल्याचे दिसून येते.

अमृत भारतमध्ये समावेश गांधी सागर तलाव सौंदर्याकरण व पुनर्विकास करण्याकरिता कृती आराखडा तयार करण्यात आला असून त्यात १३.७० कोटी रुपयांचा निधी खर्च करण्यात येणार आहे. केंद्र सरकारकडे या कृती आराखड्याला मंजुरीकरिता पाठवण्यात आले आहे; परंतु अजूनही केंद्र शासनाने या कृती आराखड्याला मंजुरी दिली नाही. हा तलाव अजूनही योजनेतच रखडला आहे. अमृत २.० अंतर्गत या तलावाचे सौंदर्गीकरण करण्यात येणार आहे. हे विशेष.

**भूजली तलावाचे सौंदर्याकरण**

शहरातील रजा नगर परिसरात जुन्या शहर परिसरात जाणाऱ्या मार्गावर जिल्हा परिषदेचा भूजली तलाव आहे. हा तलाव नगरपरिषदेला हस्तांतरण करण्यात आल्याची माहिती आहे. सौंदर्याकरण करणे सध्या सुरू आहे. परिसरात नागरिकांची घरे असून या तलावातील पाण्याचा उपयोग पूर्वी सिंचनाकरिता करण्यात येत होता. तलावाकडे जाणारे दोन्ही रस्ते हे अरुंद आहेत. तलावाचे सौंदर्याकरण झाल्यानंतर नागरिकांची येथे गर्दी नक्कीच वाढेल. सौंदर्याकरण करण्यापूर्वी येथे अन्य बाबींच्या सूक्ष्म नियोजनाची गरज होती.

# व्यवसायिकाचा वृद्धावर प्राणघातक हल्ला

## भंडाऱ्यातील शिवाजी वाडार्तील घटना व्यवसायिकाला पोलीसांचा अभय

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**



**भंडारा :** शहरातील शुक्रवारी येथील शिवाजी वार्डात दि. २० एप्रिल रोजी रात्री ८.३० वाजतादरम्यान धक्कादायक घटना घडली. शासकीय जागेवर अतिक्रमण करणाऱ्या व्यवसायिकाने अतिक्रमणाच्या कारणावरुन चाकूने प्राणघातक हल्ला करुन जखमी केले. हल्लेखोर व्यवसायिकाला पोलीसांचा अभय असून त्याची कारवाई करण्यास पोलीस टाळाटाळ करीत असल्याचा आरोप जखमी नरेंद्र गोविंदा रामटेके यांनी केला आहे.

शहरातील शिवाजी वाडार्तील शासकीय जागेवर अतिक्रमण करुन त्या ठिकाणी नंदू गजघाटे, निखिल गजघाटे, बबन गजघाटे यांनी व्यवसाय थाटले. शासकीय जागेवरील अतिक्रमणासंदर्भात मागील काही वर्षांपासून नरेंद्र रामटेके हे न्यायालयीन लढा देत आहेत. दि. २० एप्रिल रोजी रात्री ८.३० वाजता दरम्यान नरेंद्र रामटेके हा घराजवळील छत्रपती शिवाजी पुतळ्यासमोर त्याला पकडून चाकूने प्राणघातक हल्ला केला. मारपीट करून जखमी केले.

जखमीने तत्काळ पोलीस स्टेशन गाठून तक्रार नोंदविली. नंदू गजघाटे हा गुंड प्रवृत्तीचा असून त्याच्यावर पोलीसात गुन्हे दाखल आहेत. नंदू गजघाटे याला पोलीसांचा अभय असून त्याचेवर कारवाई करण्यास पोलीस टाळाटाळ करीत आहेत. चाकू हल्ला करुनही त्याचे विरुद्ध गुन्हा दाखल न करता एनसी रिपोर्ट देऊन जखमीला घरी पाठविण्यात आले.

यामुळे नरेंद्र रामटेके यांच्या परिवाराला मानसिक त्रास असून भिती निर्माण झाली आहे. पोलीसांना हल्लेखोरांवर कारवाई करावी,: अशी मागणी नरेंद्र रामटेके यांनी एका प्रसिद्धी पत्रकाद्वारे केली आहे.

# दुचाकी स्लीप झाल्याने एकाचा मृत्यू



**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

आसगाव : पवनी तालुक्यातील उमरी-ईसापूर रस्त्यावर दि. १९ एप्रिल रोजी स्कुटी स्लीप होवून झालेल्या अपघातात जखमी संपत तुकाराम खरकाटे (४८) रा. उमरी (चौ.) याचा दि.२१ एप्रिल रोजी उपचारादरम्यान मृत्यू झाला.

उमरी (चौ.) येथील संपत खरकाटे हा दि. १९ एप्रिल रोजी सकाळी १० वाजता दरम्यान स्कुटीने मुलीला खाजगी शिकवणी वगार्ला सोडून गावाकडे परत जात असताना गावाजवळ अचानक स्कुटी स्लीप झाली. स्कुटी स्लीपझाल्याने स्कुटीस्वार संपत खरकाटे रस्त्यावर पडले. त्यात त्याच्या डोक्याला गंभिर दुखापत झाल्याने जखमीला शासकीय रुग्णालय भंडारा येथे दाखल करण्यात आले. तेथे अतिदक्षता विभागात जखमीवर उपचार सुरू असताना दि. २१ एप्रिल रोजी रात्री २ वाजता दरम्यान प्राणज्योत मालवली. त्याच्या अपघाती मृत्यूने गावात हळहळ व्यक्त केली जात आहे. त्याच्या मृत्यूपश्चात पत्नी, दोन मुली, एक मुलगा असा परिवार आहे.

# आयपीएलच्या सट्ट्याने खिशाला बट्टा

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** अवैध धंदे चालकांनी पैसे कमवण्यासाठी वेगळी शक्कल लढवून अनधिकृतपणे आयपीएलच्या प्रत्येक सामन्यावर सट्टा घेण्याचा गोरख धंदा सुरू करून गोरगरीब शेतमजुरी करणाऱ्या तसेच धनाड्यांना अधिकचे पैसे कमवण्याचा आमिष दाखवून सर्रासपणे चुना लावण्याचा सपाटा सुरू केला आहे.



आयपीएलच्या सट्टेबाजीमुळे बुकी चालकाचे थेट इतर जिल्ह्यात बुकिंशी लिंकिंग आहे. आयपीएलच्या प्रत्येक सामन्यावर सदर एजंट कडून लाखो रुपयांची उलाढाल होत आहे. यात तरुणाईतसेच रोज मजुरी करणारे लोकही पैशाच्या प्रलोभनापोटी या सट्ट्याच्या आहारी जाऊन कर्जबाजारी होत आहेत.

बुकी फोनवर आयपीएलचा सामना चालू होण्यापूर्वी मोबाईलवर नाणेफेक पासून कमकुवत संघ, आवडता संघ, सामन्यातील प्रत्येक चेंडू, शतक, धावा, खेळाडू चौकार, षटकार जिंकणारा संघ, हरणारा संघ अधिक गोष्टींवर कमी अधिक भाव देऊन मोठ्या प्रमाणात सट्टा घेतात.

यामध्ये पर जिल्ह्यातील धनदांडगे बुक्की शहरातील एजंटच्या मोबाईलवर कमकुवत संघास डबल भाव खेळणाऱ्या संघाची धावसंख्या, खेळाडूंची बाद संख्या याविषयी संदेश पाठवून त्यांचे भाव ठरतात. त्यानंतर बुकी सट्टेबादीच्या आहारी गेल्याने क्रिकेट प्रेमींच्या मोबाईलवर सदरील सट्टेबाजीचे भाव मोबाईल संदेशद्वारे पसरवले जातात. त्यातून दर दिवशी बुक्की चालक लाखोंची उलाढाल करून मालामाल होत आहेत.

# तलाव पाळीवरील पिंजरे चोरीला

## चोराला अटक करण्याची मागणी

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**सेंदूरवाफा :** साकोली येथील एकोडी रोड चौकापासून ते तलाव वॉर्ड असा बायपास रस्ता तयार करण्यात आला. या रस्त्यावर काही वृक्षप्रेमींनी झाडे लावून जोपासना केली. याची दखल घेत नगर परिषदेने झाडांच्या सुरक्षेसाठी संरक्षित पिंजरे पुरविले. मात्र काही दिवसांपासून येथून रोज पिंजरे चोरून विकत असल्याची माहिती आहे. त्यामुळे झाडे असुरक्षित झाली आहेत. या चोराला अटक करून ज्या ठिकाणी हे पिंजरे विकल्या गेले त्यांनाही अटक करण्याची मागणी वृक्षप्रेमींनी केलेली आहे.

साकोली येथील तलाव पाळीवर एका वृक्ष प्रेमींनी गत पाच वषार्पासून वृक्ष लागवड आणि संवर्धनचा वसा जोपासला. ही झाडे आता मोठी झाली असलीतरी काही झाडे लहान आहेत. या झाडांच्या संरक्षणासाठी वृक्ष प्रेमींनी नगरपरिषदेकडे वृक्ष संरक्षित पिंजऱ्याची मागणी केली होती. या सेवेची गंभीर दखल घेत नगर परिषदेने पिंजरे पुरविले. मात्र काही दिवसांपासून या पाळीवरील झाडांचे पिंजरे काढून ते विकत असल्याची माहिती आहे. आतापर्यंत एकूण ९ पिंजरे चोरीला गेलेत. त्यामुळे या ९ पिंजऱ्यातील झाडांना संरक्षणाअभावी गाई, म्हशी, शेळ्यांनी खाऊन टाकली.



त्यामुळे वृक्ष संवर्धनाला मोठ्या प्रमाणात फटका बसला आहे. यानंतरही येथील उर्वरित पिंजरे चोरीला जातील. त्यामुळे झाडांचे मोठ्या प्रमाणात नुकसान होईल. या पिंजरे चोराला त्वरित अटक करण्याची मागणी वृक्षप्रेमीकडून करण्यात येत आहे.

**'गेल्या ५ वषार्पासून सर्वांच्या सहकायार्ने वृक्ष संवर्धनाचा वसा आम्ही जोपासत आहोत. काही झाडे मोठी झालीत काही लहान आहेत. परंतु नगर परिषदेने पुरविलेल्या संरक्षित झाडांचे पिंजरे रोज चोरीला जात आहेत. आजतागात एकूण ९ पिंजरे चोरीला गेलेत. उर्वरित पिंजरेही चोरीला जाण्याची शक्यता आहे. त्यामुळे या पाळीवरील झाडांना मोठा फटका बसेल. परिणामी या पिंजरे चोराला त्वरित अटक करावी. दुसरीकडे या रस्त्यावर काही व्यक्ती कचरा टाकून जाळत असतात. तर काही मोजके लोक शेळी, गाई, म्हशीही चारत असतात. त्यामुळे येथील झाडांना मोठ्या प्रमाणात फटका बसत आहे. नगर परिषदेकडून त्यांच्यावरील कारवाई अपेक्षित आहे.'**

**-रवी भोंगाने**

**वृक्षप्रेमी, वनश्री पुरस्कार प्राप्त साकोली**

# शेतमजूराचा शेतातच आकस्मिक मृत्यू

## परसोडी येथील धक्कादायक प्रकार



**भंडारा :** तालुक्यातील जवाहरनगर जवळील परसोडी येथे दि. २१ एप्रिल रोजी दुपारी २ वाजता दरम्यान शेतात थ्रेशर मशीनवर कामावर असलेल्या शेतमजूराचा आकस्मिक मृत्यू झाला. देवचंद पांडुरंग हटवार (४५) रा. परसोडी असे मृतकाचे नाव आहे.

परसोडी येथील देवचंद हटवार हा शेतमजूर गावातीलच एका शेतकऱ्याच्या थ्रेशर मशीनवर मजुरीने कामावर गेला होता. कडधान्य पिकाची मळणी करण्याकरीता शेतात गेलेल्या देवचंद हटवार याला हृदयविकाराचा तिव्र धक्का बसल्याने जमीनीवर कोसळून शेतातच मृत्यू झाला. त्याच्या आकस्मिक मृत्यूने गावात हळहळ व्यक्त केली जात आहे. त्याच्या पार्थिवावर सायं. ६ वाजता दरम्यान परसोडी येथील स्थानिक स्मशानभूमीत अंत्यसंस्कार पार पडले. त्याच्या मृत्यूपश्चात पत्न ी, आई, दोन मुले असा परिवार आहे.

# सफाई के नाम पर किया जा रहा गुमराह

## सरकारी नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**तुमसर :** नगर परिषद के माध्यम से शहर की साफ-सफाई का ठेका जिस संस्था को दिया गया है, उस ठेकेदार द्वारा सफाई के नाम पर नागरिकों को गुमराह करने एवं सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है. फिर भी प्रशासन द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं किए जाने से उनके हौसले बुलंद हो रहे हैं. नप द्वारा शहर की सफाई के लिए ठेकेदार के साथ कराननामा करते समय उन्हें उनकी जिम्मेदारी से अवगत करवाया गया था.

इसमें शहर के 23 वार्डों के मकान, दूकान, सार्वजनिक एवं निजी संस्था, व्यापारी एवं निवासी संकुल के साथ ही आस्थापना से निर्माण होने वाला रोजमर्रा का कचरा स्वयं के कामगारों के हाथों दिन में 2 बार उठाकर घनकचरा प्रकल्प तक पहुंचाने का समावेश था. घंटागाड़ी का कोई समय नहीं है.



वह कभी भी आती है. अथवा आती ही नहीं है. मगर जिस दिन से एग्रीमेंट हुआ उस दिन से संस्था के माध्यम से शहर की नाममात्र साफ सफाई किए जाने की जानकारी अधिकारियों को होने पर उनके द्वारा अनदेखी की जा रही हैं.

**मूकदर्शक बने है अधिकारी**

शहर का कचरा संकलन के लिए कामगारों को सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराई गई है. कामगारों को मास्क, हैंडग्लोज, गमबूट नहीं दिए गए हैं. करारनामे के अनुसार गाड़ियों पर जीपीएस प्रणाली लगाना आवश्यक था, लेकिन अब तक नहीं लगाए गए हैं. इसके अलावा ठेकेदार के माध्यम से शहर में जगह-जगह उगा घास फूस कटाई एवं कीटकनाशक फवारणी भी नहीं की गई हैं.

सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग नहीं करते हुए एक साथ घनकचरा व्यवस्थापन केंद्र में डाला जाता है. उस पर खाद निर्मिति की प्रक्रिया भी नहीं की जाती है. करारनामे अनुसार नियम एवं शर्तों का पालन नहीं हो रहा है. फिर भी अधिकारी आंखें बंद कर मूकदर्शक बने हुए हैं.

# डॉ अशोक बागुल ने 11 छक्के और 5 चौके लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई



**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** भंडारा पुलिस विभाग की ओर से हर रविवार को क्रिकेट की मैच खेली जाती है.जिला पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी की खेल को लेकर प्रेम की चर्चा जिले सहित अन्य जिलों में हो रही है। यह मैच हार रविवार को भंडारा पुलिस विभाग की ओर से जिले के सभी पुलिस कर्मियों के लिए रखा जाता है। इस मैच में उपविभागीय पुलिस अधिकारी डॉक्टर अशोक बागुल ने 27 बॉल में 5 चौके 11 छक्के लगाकर 99 रन बनाए उनकी दोनों टीमों की ओर से तारीफ की गई आपको बता दे कि भंडारा dysp डॉ अशोक बागुल 57 वर्ष की उम्र के बावजूद भी चुस्ती और फुर्ती से खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई

## बोलता है भंडारा....

### भंडारा - गोंदिया का सांसद कैसा होना?



“ भंडारा गोंदिया जिले की समस्या पर सीधी बात करने वाला, और नागरिकों की हर एक समस्या को हल करने वाला ऐसे सांसद का हम स्वागत करते है।

-निकीता टांगले



“ सुनील मेंढे ने जो कार्य किए है, उन्हें फिर से एक मौका मिलना चाहिए ताकि वह जिले का और भी विकास कर सके।

- महेश कांबळे



“ सांसद जिले का होना अनिवार्य है ताकि वह जिले में रह कर नागरिकों की हर एक समस्या से अवगत हो।

-विशाल जाखमाते



“ सांसद सुनील मेंढे ने भंडारा जिले के विकास के लिए बहुत सारे नए-नए विकास के कार्य किए हैं इसके साथ ही उन्होंने किन्नौर चावल को की टैगिंग दी है ऐसे सांसद की हमें आवश्यकता है।

-राजेश लाखडे



“ सिर्फ कार्य करने वाला ही सांसद की हमें आवश्यता है।

-गुड्डु ठाकरे

बोलता है भंडारा मे आपको प्रतिक्रीया देना है तो इस ७७०९९५२२७२ व्हॉटस ॲप नंबर पे भेजे !

**संवाददाता तथा वितरक नियुक्त करना है।**

भंडारा-गोंदिया जिले में साप्ताहिक आवाज भंडारा न्युज पेपर के लिए तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्र में संवाददाता तथा वितरक नियुक्त करना है।

संवाददाता के लिए किसी भी विषय में डिग्री पास होना अनिवार्य है।

: संपर्क करे :
शमशेर खान, मुख्य संपादक,
साप्ताहिक आवाज भंडारा
मो. ९४२१७११३६९, ७९७२७९५६५५

# तड़ीपार आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

भंडारा : पवनी पुलिस ने जिले से तड़ीपार आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. आरोपी का नाम रामपुरी वार्ड पवनी निवासी दीपक वनवास सुपारे (50) है. दीपक को भंडारा के उपविभागीय दंडाधिकारी ने 13 से 21 अप्रैल के बीच तड़ीपार कर दिया था.

उन्होंने उपविभागीय दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करके आवास पर नजर आए.

# रेत तस्करी कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ा

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**लाखांदुर :** वैनगंगा नदी घाट से अवैध रूप से रेत की निकासी एवं परिवहन करते रंगेहाथ ट्रैक्टर पकड़ा गया है. उक्त कार्रवाई लाखांदुर पुलिस द्वारा 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे के दौरान तहसील के नांदेड़ इटान मार्ग पर की गई है. इस कार्रवाई के तहत पुलिस ने तहसील के राजनी निवासी अभिषेक गणेश गभने (20) नामक ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कुल 5.13 लाख रुपयों का माल जब्त किया है.

घटना के दिन सुबह के दौरान लाखांदुर थाने के पुलिस उप निरीक्षक परमेश्वर आगासे, पुलिस हवलदार सतीश सिंगनजुडे व पुलिस अंमलदार भूपेंद्र बावनकुले व आदि पुलिस कर्मी सुबह के दौरान करांडला, इटान एवं नांदेड़ गांव परिसर में गश्त पर गए थे. इस दौरान नांदेड़ स्थित वैनगंगा नदी घाट से अवैध रूप से रेत की निकासी एवं



परिवहन करते स्वराज कंपनी का (एमएच 36 एजी 4080) ट्रैक्टर से बीच सड़क पर नजर आया. इस दौरान रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को रोककर ट्रैक्टर चालक से रायल्टी पूछने पर बगैर रायल्टी रेत परिवहन का मामला सामने आया.

इस मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रेत चोरी का अपराध दर्ज कर कुल 5.13 लाख रुपयों का माल जब्त किया है. इस मामले एक आगे की जांच थानेदार सचिन पवार के मार्गदर्शन में शुरू की गई है.

# दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

## वाहन की टक्कर से 3 लोग हुए थे घायल

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**लाखांदुर :** अन्य जिले में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए तेजगति से जा रहे एक चारपहिया वाहन ने विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में बाइक पर सवार पिता सहित बेटा एवं बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गए. उक्त घटना 20 अप्रैल को सुबह 10:20 बजे के दौरान लाखांदुर के राष्ट्रीय महामार्ग पर घटी. दुर्घटना में लाखांदुर तहसील के आथली निवासी मंसाराम ठाकरे (50), उनके बेटे भूषण ठाकरे (13) और बेटी कावेरी ठाकरे (10) गंभीर रूप से जख्मी हो गए. इलाज के दौरान पिता मंसाराम ठाकरे की मृत्यु हो गई है.



पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना के दिन सुबह के दौरान घटना के स्विफ्ट डिजायर कंपनी की कार क्र. एमएच 36 एजी 8271 से पिंकेश्वर सोनटक्के (24) नामक चालक अन्य कुछ साथियों के साथ सिंदिवाही में आयोजित शादी समारोह में जा रहे थे. समय पर पहुंचने के लिए तेज गति से जा रहे इस वाहन ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक क्र. एमएच 36 ए 1256 को टक्कर मार दी. इस टक्कर में बाइक पर सवार ठाकरे परिवार के तीनों सदस्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए. उक्त दुर्घटना की जानकारी महामार्ग से आवागमन करने वाले यात्रियों ओर पुलिस कर्मियों को पता चलते ही तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े, वहां पहुंचकर जख्मियों को इलाज के लिए लाखांदुर के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया. जख्मियों की प्रकृति गंभीर होने से आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया. इस दुर्घटना में शिकायत के आधार चारपहिया वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. इस मामले की आगे की जांच थानेदार सचिन पवार के मार्गदर्शन में शुरू की गई है.

**इलाज के दौरान पिता की मृत्यु**

चौपहिया वाहन की टक्कर में बाइक चालक पिता गंभीर रूप से जख्मी हुए. जख्मी पिता की हालत गंभीर होने के कारण इलाज के लिए पिछले दो दिनों पूर्व जिला अस्पताल से नागपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था. इलाज के दौरान 2 दिनों के बाद पिता मंसाराम की मृत्यु हो गई है.

# 2 जगहों पर गिरी बिजली बालक और बैल की मौत

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**सिहोरा :** एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ गया है. बारिश के साथ ही कानफाड़ू गरज के साथ दो अलग-अलग - स्थानों पर बिजली गिरी. इसमें एक 12 - वर्षीय बालक की मौत हो गई. एक अन्य - स्थान पर वज्रपात से एक बैल की भी मौत हो गई है.

मध्यप्रदेश के चिचोली निवासी सुरेंद्र - बाबूलाल भोरगड़े के दो बेटे है. उनमें से 12 वर्षीय छोटा बेटा प्रांशु सुरेंद्र भोरगडे - सुबह 11 बजे के दौरान अपने चिचोली - परिसर के खेत में घूमने गया. 22 अप्रैल को हुए बिजली की गरज के साथ ही बारिश का भी आगमन हो गया. इस दौरान उनके बाजू के पेड़ पर गाज गिरी. प्रांशु को जोरदार झटका



लगा जिससे वो बेहोश हो गया. जिसके बाद ग्रामीण अस्पताल सिहोरा लाया गया. जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया. सिहोरा थाने के थानेदार नितिन मदनकर ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए तुमसर उपजिला अस्पताल भेजा गया. बपेरा जिला परिषद अंतर्गत आने वाले सुकली में भी गाज गिरी है. दोपहर में 2 बजे के करीब नैसर्गिक गाज गिरने से हंसराज रहांडाले के बैल की मृत्यु हो गई. इससे इस किसान पर संकट आ गया है.

# भोजापुर में तेंदुए का आतंक

## एक तेंदुआ शिकार लाने के लिए गांव में पहुंच गया

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**पवनी :** तालुका के जंगल से घिरे गांव में बाघ, तेंदुआ और अन्य जंगली जानवरों का विचरण जारी है. 22 अप्रैल को सुबह 5 बजे के बीच एक तेंदुआ शिकार की तलाश में गांव में आया और भोजापुर के संतोष नामदेव पडोले की गौशाला में बकरियों पर हमला कर दिया, जिससे एक बकरी और दो बच्चों की मौत हो गई. शिकार छोड़कर तेंदुआ भाग गया।जिससे ग्रामीणों में काफी डर है.

भोजापुर पवनी तालुका में एक जंगल व्याप्त गाँव है। गांव के ठीक बगल में वैनगंगा नदी है. 22 अप्रैल की सुबह तेंदुए ने संतोष पडोले की गौशाला में बने शेड पर हमला कर एक बकरी और दो शावकों को मार डाला.



तेंदुआ मारी गई बकरी को नदी में खींच ले गया। सुबह पता चलते ही इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग सावर के वनपाल ईश्वर काटेखाये, बिट वन रक्षक संगीता धुगे पशु चिकित्सा अधिकारी और वन अमले ने भोजापुर जाकर पंचनामा किया। पहले नदी में गई बकरी का पंचनामा किया गया। उस जगह पर कैमरे लगे हुए थे. इसके बाद वह घर में चरनी में बंद बकरियों का पंचनामा करने चला गया, इसी दौरान तेंदुआ वापस आकर शिकार ले गया, यह कैमरे में कैद हो गया. इस घटना से गांव और इलाके में काफी दहशत फैल गयी है. ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग नुकसान झेलने वाले चरवाहे को मुआवजा दे और तेंदुए की देखभाल करे

# चुनाव के दिन स्कूटी पर शराब बेचते रंगेहाथ पकड़ा

## पुलिस की कार्रवाई, 61,735 रु. का माल जब्त

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**लाखांदुर :** लोकसभा चुनाव के दिन शराब की दुकानें बंद थी. इसके बावजूद अवैध रूप से स्कूटी की डिक्की में देशी शराब का जखीरा रखकर उसे बेचते समय एक युवक को रंगेहाथ पकड़ लिया गया. उक्त कार्रवाई लाखांदुर पुलिस ने 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे के दौरान लाखांदुर के प्रभाग क्र. 13 में की है. इस कार्रवाई के तहत लाखांदुर के प्रभाग क्रमांक 14 निवासी इराक उर्फ लारा पेटकुले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

पुलिस ने उससे कुल 61,735 रुपयों का माल जब्त किया. पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना के दिन सुबह



के समय लाखांदुर थाने की पुलिस उप निरीक्षक निशा खोब्रागडे व पुलिस हवलदार संतोष चव्हाण लाखांदुर नगर के विभिन्न प्रभागों की गश्त पर निकले थे. इस दौरान गश्ती दल के पुलिस कर्मियों को आरोपी के हीरो कंपनी की स्कूटी नंबर एमएच 36 एएम 7338 की डिक्की में अवैध रूप से देशी शराब का संग्रहण कर बेचने की गुप्त जानकारी मिली.

इस जानकारी के आधार पर पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पहुंचकर आरोपी को स्कूटी पर बैठे शराब की अवैध बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा. इस घटना में पुलिस कर्मियों ने स्थानीय पंचों की उपस्थिति में पंचनामा एवं आरोपी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया है. पुलिस ने कुल 61,735 रुपयों का माल जब्त किया है. इस मामले की आगे की जांच थानेदार सचिन पवार के मार्गदर्शन में शुरू की गई है.

साप्ताहिक आवाज भंडारा हे वृत्तपत्र मालक, प्रकाशक, संपादक शमेशेर वाहब खान यांनी राकेश प्रिंटींग प्रेस राजिव गांधी चौक, साई मंदीरसमोर तकीया वार्ड , भंडारा येथे छापून साप्ताहिक आवाज भंडारा कार्यालय, तकीया दर्गाह जवळ, तकीया वार्ड भंडारा येथे प्रकाशित केले. मुख्य संपादक -शमशेर खान मोबाईल नंबर - ७९७२७९५६५५ ईमेल-awazbhandara@gmail.com Owner,Publisher, ShamsherWahab Khan on behalf Of Weekly Awaz Bhandara Printed at Rakesh Printing Press, Rajiv Gandhi Chowk(TakiyaWard) Opp.sai mandir Bhandara-441904 and Published at takiya Dargah near Old Majjid, Takiya ward Bhandara 441904 Editor-Shamsher Khan Mo.7972795655 Email- awazbhandara@gmail.com प्रकाशित समाचारों से संबंधित कोई भी वाद भंडारा न्यायालय अंतर्गत निपटारा किया जाएगा !